## पाठ्यक्रम संरचना (Course Structure)

| सेमेस्टर | पत्र (Paper) | कोर कोर्स (Core Course) | विभागीय चयनित पाठ्यक्रम (Departmental Elective Course) | शोध परियोजना (Research Project) | क्रेडिट (Credit) | अंक (Marks) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम सेमेस्टर 1st Semester | 5 | 4 | 1 (शोध परियोजना का विकल्प) | 1 | 20 (5x4) | 500/400• (100x5) |
| द्वितीय सेमेस्टर 2nd Semester | 5 | 4 | 1 (शोध परियोजना का विकल्प) | 1 | 20 (5x4) | 500 (100x5) |
| तृतीय सेमेस्टर 3rd Semester | 5 | 2 | 2 | 1 | 20 (5x4) | 400 (100x4)) |
| चतुर्थ सेमेस्टर 4th Semester | 5 | 2 | 2 | 1 | 20 (5x4) | 500 (100x5) |
| कुल | 20 | 12 | 6 | 4 | 100 | 1900 |

- शोध परियोजना करने वाले विद्यार्थियों हेतु।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप चयन आधारित सेमेस्टर प्रणाली (CBCS) पर आधारित स्नातकोत्तर हिन्दी का पाठ्यक्रम

### पाठ्यक्रम–विवरण

| पत्र–संकेत संख्या (Paper code) | पत्र का नाम (Paper's Name) | पाठ्यक्रम की प्रकृति | क्रेडिट | अंक | कुल क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **प्रथम सेमेस्टर** | | | |
| MHNC-401 | शोध प्रविधि | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | 20 |
| MHNC-402 | आदिकालीन एवं मध्यकालीन मुक्तक काव्य | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNC-403 | हिन्दी नाट्य साहित्य | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNC-404 | भारतीय काव्यशास्त्र | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNP-405<br>MHNO-405 (क/ख) | हिन्दी शोध परियोजना अथवा<br>लोक साहित्य/तुलनात्मक अध्ययन | शोध–आधारित (Research Based)<br>अथवा विकल्प पत्र | 4 | 0/100 | |
| | | **द्वितीय सेमेस्टर** | | | |
| MHNC-411 | हिन्दी आलोचना एवं आलोचक | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | 20 |
| MHNC-412 | आदिकालीन एवं मध्यकालीन प्रबन्ध–काव्य | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNC-413 | राष्ट्रीय चेतना का हिन्दी काव्य | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNC-414 | पाश्चात्य काव्यशास्त्र | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNC-415 | हिन्दी शोध परियोजना अथवा<br>भाषा विज्ञान तथा देवनागरी लिपि/प्रवासी हिन्दी साहित्य | शोध–आधारित (Research Based)<br>अथवा विकल्प पत्र | 4 | 100 | |
| | | **तृतीय सेमेस्टर** | | | |
| MHNC-501 | विविध गद्य विधाएँ | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | 20 |
| MHNC-502 | आधुनिक काव्य | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNE-503(क)<br>MHNE-503 (ख) | प्रयोजनमूलक हिन्दी<br>मीडिया लेखन | वैकल्पिक पत्र (Elective Paper)<br>कौशलपरक | 4 | 100 | |
| MHNE-504 (क)<br>MHNE-504 (ख) | भारतीय साहित्य<br>अवधी साहित्य | वैकल्पिक पत्र (Elective Paper)<br>राष्ट्रीय/स्थानीय | 4 | 100 | |
| MHNP-505 | हिन्दी शोध परियोजना | शोध–आधारित (Research Based) | 4 | | |
| | | **चतुर्थ सेमेस्टर** | | | |
| MHNC-511 | हिन्दी की लम्बी कविताएँ | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | 20 |
| MHNC-512 | छायावादोत्तर काव्य | आधार पत्र (Core Paper) | 4 | 100 | |
| MHNE- 513 (क) | हिन्दी साहित्य और सिनेमा | वैकल्पिक पत्र (Elective Paper)<br>कौशलपरक | 4 | 100 | |
| MHINE-513 (ख) | पटकथा एवं विज्ञापन–लेखन | | | | |
| MHNE-514 (क) | हिन्दी लोक साहित्य | वैकल्पिक पत्र (Elective Paper)<br>राष्ट्रीय/स्थानीय | 4 | 100 | |
| MHNE-514 (ख) | भोजपुरी साहित्य | | | | |
| MHNE-515 | हिन्दी शोध परियोजना | शोध–आधारित (Research Based) | 4 | 100 | |

कूट–संकेत :

MHNC : एम ए. हिन्दी कोर पेपर; MHNM : एम ए. हिन्दी माइनर इलैक्टिव पेपर; MHNE : एम ए. हिन्दी इलैक्टिव पेपर; MHNP : एम ए. हिन्दी शोध परियोजना।

पाठ्यक्रम से सम्बन्धित कूट संख्या (कोर्स कोड) में पहला अक्षर M मास्टर (स्नातकोत्तर) डिग्री का बोधक है, बाद के दो अक्षर HN हिन्दी विषय के संकेतक हैं और अन्तिम तीसरा अक्षर C, E आदि पाठ्यक्रम

की प्रकृति का। अंकों में प्रथम अंक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के वर्ष का द्योतक हैं और बाद के दो अंक प्रश्नपत्र की संख्या के। उदाहरण के लिये MHNC-401 में M का अर्थ एम. ए. है, HN का अर्थ हिन्दी (Hindi) है, C का कोर पेपर (Core Paper), 4 का चतुर्थ वर्ष और 01 का प्रथम प्रश्नपत्र है।

इसी तरह कूट अक्षरों का अर्थ इस प्रकार होगा–

C - Core Paper; E- Elective; P- Project; M- Miner Elective

आवश्यक निर्देश :

1. यह पाठ्यक्रम एम. ए. में हिन्दी विषय का चयन करने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए है।
2. एम. ए. प्रथम वर्ष के दोनों सेमेस्टर (प्रथम एवं द्वितीय) के प्रथम चार–चार प्रश्नपत्र सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य (CORE PAPER) होंगे। पांचवां प्रश्नपत्र विकल्प के रूप में होगा। जिन विद्यार्थियों 75 प्रतिशत या उससे अधिक प्राप्तांकों के साथ हिन्दी विषय लेकर स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की होगी, वे इस प्रश्नपत्र के स्थान पर विभाग के किसी शिक्षक के निर्देशन में शोध परियोजना कर सकते हैं। शेष विद्यार्थी शोध परियोजना के स्थान पर विकल्प प्रश्नपत्र का अध्ययन करेंगे।
3. द्वितीय वर्ष के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में प्रथम दो–दो प्रश्नपत्र अनिवार्य पत्र (CORE PAPER) के रूप में होंगे। शेष दो–दो प्रश्नपत्रों के दो–दो विकल्प क, ख के रूप में दिये गये हैं। प्रति प्रश्नपत्र विद्यार्थी इनमें से किसी एक का चयन अपनी रुचि और सुविधा के अनुसार कर सकते हैं।

4- सभी विद्यार्थियों को द्वितीय वर्ष में एक शोध परियोजना करनी होगी जो 8 (प्रति सेमेस्टर 4–4) क्रेडिट की होगी। शोध परियोजना विद्यार्थी किसी विभागीय शिक्षक के निर्देशन में करेंगे। विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष के अन्त में दोनों सेमेस्टर (प्रथम एवं द्वितीय तथा तृतीय एवं चतुर्थ) में शोध परियोजना के अन्तर्गत किये गये कार्य के आधार पर एक शोध–प्रबन्ध तैयार करेंगे, जिसका मूल्यांकन बाह्य एवं आन्तरिक परीक्षकों द्वारा किया जायेगा। इस लघु शोध प्रबन्ध के लिये 100 अंक निर्धारित हैं।

**सामान्य परिणाम (General Outcome)**

- विद्याथियों को हिन्दी भाषा के साथ–साथ उसमें उपलब्ध साहित्य का आधारभूत ज्ञान के साथ रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।
- साहित्य के मूलभूत स्वरूप, यथा विभिन्न विधाओं, हिन्दी के रोज़गारपरक स्वरूप आदि की जानकारी प्राप्त होगी।
- हिन्दी में रचनात्मक तथा व्यावसायिक कौशल प्राप्त होगा।
- विद्यार्थियों में मानवीय संवेदना, सामाजिक समरसता, साहित्यिक विवेक, भाषिक कौशल, राष्ट्रीयता की भावना तथा नैतिकता का विकास होगा।
- 'प्रयोजनमूलक हिन्दी'; 'मीडिया लेखन'; 'पटकथा एवं विज्ञापन लेखन' तथा 'हिन्दी साहित्य एवं सिनेमा' जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी हिन्दी भाषा एवं साहित्य के नवन्नव आयामों से अवगत होकर अधिक रोजगार–क्षम हो सकेंगे।

<table>
<tr><td colspan="4">एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="4">प्रथम सेमेस्टर</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>**MHNC401**</td><td colspan="2">पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>**शोध प्रविधि**</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="4">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :<br>काव्यशास्त्र का ज्ञान काव्य को सम्यक् रीति से जानने–समझने के लिये आवश्यक होता है। भारत में काव्य की ही भांति काव्यशास्त्र की भी परम्परा अत्यन्त प्राचीन और समृद्ध है। हिन्दी के आचार्यों ने इसमें योगदान देकर इसे और समयानुकूल तथा संगत बनाया है। प्रस्तुत पत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख तत्त्वों से अवगत कराना है।</td><td></td></tr>
<tr><td>क्रेडिट : 4</td><td>पूर्णांक :<br>**25+75=100**</td><td colspan="2">उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत**</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="4">कुल व्याख्यान संख्या : 60</td><td></td></tr>
<tr><td>इकाई</td><td colspan="2">पाठ्यवस्तु</td><td>व्याख्यान संख्या</td><td>क्रेडिट संख्या</td></tr>
<tr><td>1.</td><td colspan="2">शोध का अर्थ, परिभाषा एवं स्वरूप; शोध के तत्त्व; शोध और आलोचना; शोध–चोरी (Plagiarism) एवं प्रतिलिप्याधिकार (Copyright)</td><td>15</td><td>1</td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="2">शोध के प्रकार :<br>साहित्येतिहासिक शोध; काव्यशास्त्रीय शोध; भाषावैज्ञानिक शोध; शैलीवैज्ञानिक शोध; लोकतात्कि शोध; अन्तर्विद्यावर्ती शोध; तुलनात्मक शोध; पाठानुसन्धान</td><td>15</td><td>1</td></tr>
<tr><td>3.</td><td colspan="2">शोध की पद्धतियाँ; शोधार्थी के गुण; शोध के सोपान; शोध विषय; रूपरेखा निर्माण; सामग्री–संकलन;</td><td>15</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4.</td><td colspan="2">शोध–प्रबन्ध–लेखन<br>शोध–प्रबन्ध के तत्त्व; उद्धरण–लेखन; सन्दर्भोल्लेख एवं पाद–टिप्पणी; उपसंहार एवं परिशिष्ट; सन्दर्भ–ग्रन्थ–सूची</td><td>15</td><td>1</td></tr>
</table>

सहायक ग्रन्थ :


1. डॉ. हरिश्चन्द्र वर्मा; शोध–प्रविधि;हरियाणा ग्रन्थ अकादमी, पंचकूला; तृतीय संस्करण 2016।
2. एस.एन. गणेशन; अनुसन्धान प्रविधिः सिद्धान्त और प्रक्रिया; लोकभारती प्रकाशान, इलाहाबाद; संस्करण 2009।

**एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष**

**प्रथम सेमेस्टर**

| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : |
|---|---|
| **MHNC402** | **आदिकालीन एवं भक्तिकालीन मुक्तक काव्य** |

**पाठ्यक्रम परिणाम (Course outcomes) :**

इस पत्र का उद्देश्य हिन्दी साहित्य के आदिकाल से लेकर भक्तिकाल तक के प्रमुख प्रतिनिधि कवियों के काव्य से विद्यार्थियों का परिचय करवाना है। आदिकालीन और भक्तिकालीन हिन्दी साहित्य प्रबन्ध एवं मुक्तक दोनों रूपों में रचा गया है तथा भारतीय जनमानस को इसने काफी गहराई तक प्रभावित किया है। इस पत्र में आदिकालीन एवं मध्यकालीन मुक्तक काव्य को रखा गया है।

| क्रेडिट : 4 | पूर्णांक : 25+75=100 | उत्तीर्णांक : 36 प्रतिशत |
|---|---|---|

कुल व्याख्यान संख्या : 60

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या | क्रेडिट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | **क. सरहपाद–दोहाकोश**<br>ख. **गोरखनाथ–सबदी**<br>पाठ्यपुस्तक : **आदिकालीन काव्य;** सम्पादक–डॉ. वासुदेव सिंह; विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु :** भक्ति–काव्य पर सिद्ध–नाथ साहित्य का प्रभाव; सिद्ध साहित्य और सरहपाद; सरहपाद का काव्य–सौष्ठव; नाथ–पन्थ और गोरखनाथ; गोरखनाथ के काव्य की प्रासंगिकता; गोरखनाथ का काव्य–सौन्दर्य। | 15 | 1 |
| 2. | **कबीरदास :**<br>**पाठ्य पुस्तक– कबीर;** आ. हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।<br>**पाठांश–** पद सं.– 1, 2, 33, 41, 123, 130, 134, 160, 163, 168, 191, 199, 224, 247 तथा 256।<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु** : कबीर की भक्ति–भावना; कबीर का रहस्यवाद; कबीर का समाज–दर्शन और उसकी प्रासंगिकता; कबीर की विद्रोह–भावना या क्रान्तिकारी चेतना; कबीर–काव्य का दार्शनिक पक्ष; कबीर : कवि के रूप में। | 15 | 1 |
| 3. | **सूरदास :**<br>पाठ्य पुस्तकः **भ्रमरगीत सार**; आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।<br>पद संख्या–9, 23, 25, 34, 62, 64, 65, 82, 85, 89, 95, 97, 115, 122, 130, 171, 384, 400।<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु–** भ्रमरगीत काव्य–परम्परा और सूरदास; भ्रमरगीत : अन्तर्वस्तु तथा विदग्धता; सूर की भक्ति–भावना; माधुर्य और श्रृंगार–वर्णन; वात्सल्य–वर्णन; लोक तत्त्व; काव्य–वैशिष्ट्य। | 15 | 1 |
| 4. | **मीराबाई :**<br>**मीरा का काव्य–विश्वनाथ त्रिपाठी**<br>निपट बंकट छब अटके; म्हारां री गिरधर गोपाल दूसरा णां कूयां; माई सांवरे रंग राची; मैं गिरधर के घर जाऊं; सीसोद्यो रूठ्यो म्हांरो कोई करलेसी; हेली म्हासूं हरि बिन रह्यो न जाय; सांबरे मार्‍या तीर; मुरलिया बाजा जमणा तीर; भज मण चरण कंवल अवणासी। | 15 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मीराबाई की भक्ति; कृष्ण–भक्ति काव्य–परम्परा में मीराबाई का स्थान; मीरा की विद्रोही चेतना; मीराबाई की काव्यगत विशेषताएं। | | |

पाठ्यक्रम–परिणाम :

1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी हिन्दी साहित्य की प्राचीन एवं मध्यकालीन परम्परा को जान सकेंगे।
2. अपनी साहित्यिक विरासत को समझते हुए उस पर गर्व कर सकेगे।
3. लगभग 800 वर्षों की हिन्दी कविता के माध्यम से विभिन्न युगीन सन्दर्भों को समझ सकेंगे।

प्रश्नपत्र का स्वरूप :

1. कुल मिलाकर पांच प्रश्न पूछे जायेंगे, सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। प्रथम प्रश्न को छोड़कर अन्य सभी प्रश्नों के लिये समान रूप से 12 अंक निर्धारित रहेंगे।
2. प्रथम प्रश्न में प्रत्येक इकाई से एक–एक व्याख्या पूछी जायेगी। इस तरह विद्यार्थी को व्याख्या हेतु पूछे गये कुल पांच अवतरणों में से किन्हीं तीन की व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक व्याख्या के लिये 9 अंक निर्धारित रहेंगे। इस तरह से यह प्रश्न कुल 27 अंकों का होगा।
3. शेष चार प्रश्नों में से तीन प्रश्न किन्हीं तीन अलग–अलग इकाइयों से पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न का विकल्प 'अथवा' करके पूछा जायेगा जो उसी इकाई से रहेगा।
4. अन्तिम पांचवा प्रश्न शेष दो इकाइयों से पूछा जायेगा। मूल प्रश्न एक इकाई से तथा उसी का विकल्प प्रश्न शेष अन्य इकाई से रहेगा।
5. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

सहायक ग्रंथ :


1. डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल; बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना।
2. डॉ. सदानन्द प्रसाद गुप्त (प्रधान संपादक); नाथपंथ : साधना और साहित्य; प्रथम संस्करण–2020; उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
3. आ. हजारीप्रसाद द्विवेदी; नाथ सम्प्रदाय; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. पुरुषोत्तम अग्रवाल, अकथ कहानी प्रेम की (कबीर की कविता और उनका समय); दूसरा संस्करण–2010; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
5. रामचन्द्र तिवारी; कबीर मीमांसा; संस्करण–2011; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
6. रामकिशोर शर्मा; कबीर ग्रन्थावली (सटीक); नवम संस्करण–2013; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
7. डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, मध्यकालीन धर्म साधना; साहित्य भवन, इलाहाबाद।
8. डॉ. नगेन्द्रनाथ उपाध्याय, नाथ पंथ और संत साहित्य; काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रकाशन।
9. नन्द किशोर पाण्डेय, संत साहित्य की समझ; यश पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली; संस्करण–2018।
10. नन्द किशोर पाण्डेय, रज्जब; साहित्य अकादमी, दिल्ली; प्रथम संस्करण–2017।
11. हरबंसलाल शर्मा, सूरदास; पेपरबैक दूसरा संस्करण–2011; राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
12. डॉ. रामफेर त्रिपाठी; सूरदास; तृतीय संस्करण–2013, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
13. पूनम कुमारी; स्त्री चेतना और मीरा का काव्य; संस्करण–2009; अनामिका प्रकाशन, दिल्ली।
14. रामदेव शुक्ल; रसमूर्ति घनानन्द; प्रथम संस्करण–2021; उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
15. डॉ. बच्चन सिंह; बिहारी का नया मूल्यांकन; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
16. रवीन्द्रकुमार सिंह; बिहारी सतसई : सामाजिक–सांस्कृतिक सम्बन्ध; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।

| | | |
|---|---|---|
| **एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष**<br>**प्रथम सेमेस्टर** | | |
| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>**MHNC403** | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>**हिन्दी नाट्य साहित्य** | |
| पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :<br>गद्य साहित्य में नाटक, उपन्यास एवं कहानी अत्यन्त लोकप्रिय विधाएं हैं। प्रस्तुत पत्र विद्यार्थियों को हिन्दी नाटक एवं कथा साहित्य के वैशिष्ट्य से अवगत कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसमें प्रतिनिधि रचनाओं के रूप में हिन्दी की बहुख्यात् नाट्य एवं कथा–रचनाओं को रखा गया है। | | |
| क्रेडिट : **4** | पूर्णांक : **25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** |
| कुल व्याख्यान संख्या : 60 | | |

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या | क्रेडिट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | नाटक का अर्थ, परिभाषा एवं प्रकार; नाटक के तत्त्व; संस्कृत नाट्य–परम्परा और हिन्दी नाटक की पृष्ठभूमि; हिन्दी नाटक विकास–यात्रा; एकांकी का स्वरूप; हिन्दी एकांकी का उद्भव और विकास। | 15 | 1 |
| 2. | **नाटक–1:**<br>**स्कन्दगुप्त**–जयशंकर प्रसाद<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु :** जयशंकर प्रसाद का नाट्य–शिल्प; नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'स्कन्दगुप्त' की समीक्षा; 'स्कन्दगुप्त' में राष्ट्रीय और सांस्कृतिक चेतना; 'स्कन्दगुप्त' में युगबोध; स्कन्दगुप्त के प्रमुख पात्र। | 15 | 1 |
| 3. | **नाटक–2 :**<br>**आषाढ़ का एक दिन**–मोहन राकेश<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु :** मोहन राकेश की नाट्य–कला; नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'आषाढ़ का एक दिन' की समीक्षा; 'आषाढ़ का एक दिन' के नायक–नायिका एवं प्रतिनायक का चरित्र–चित्रण | 15 | 1 |
| 4. | **एकांकी :**<br>**अंधेर नगरी**–भारतेन्दु हरिश्चन्द्र<br>**औरंगजेब की आखिरी रात**–डॉ. रामकुमार वर्मा<br>**भोर का तारा**–जगदीशचन्द्र माथुर<br>**स्ट्राइक**–भुवनेश्वर<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु :** एकांकियों की समीक्षा तथा एकांकीकारों की एकांकी कला। | 15 | 1 |

**पाठ्यक्रम–परिणाम :**

1. विद्यार्थी चयनित रचनाओं के माध्यम से हिन्दी नाट्य एवं कथा साहित्य के वैशिष्ट्य को जान सकेंगे और उसके व्यापक अध्ययन के लिये प्रेरित होंगे।
2. नाट्य एवं कथा साहित्य के अध्ययन के आलोचकीय विवेक से सम्पन्न हो सकेंगे।
3. साहित्यिक अभिरुचि से सम्पन्न विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल का विकास हो सकेगा।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. कुल मिलाकर पांच प्रश्न पूछे जायेंगे, सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। प्रथम प्रश्न को छोड़कर अन्य सभी प्रश्नों के लिये समान रूप से 12 अंक निर्धारित रहेंगे।
2. प्रथम प्रश्न में प्रत्येक इकाई से एक–एक व्याख्या पूछी जायेगी। इस तरह विद्यार्थी को व्याख्या हेतु पूछे गये कुल पांच अवतरणों में से तीन की व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक व्याख्या के लिये 9 अंक निर्धारित रहेंगे। इस तरह से यह प्रश्न कुल 27 अंकों का होगा।
3. शेष चार प्रश्नों में से तीन प्रश्न किन्हीं तीन अलग–अलग इकाइयों से पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न का विकल्प 'अथवा' करके पूछा जायेगा जो उसी इकाई से रहेगा।
4. अन्तिम पांचवा प्रश्न शेष दो इकाइयों से पूछा जायेगा। मूल प्रश्न एक इकाई से तथा उसी का विकल्प प्रश्न शेष अन्य इकाई से रहेगा।
5. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

**सहायक ग्रंथ :**


1. बच्चन सिंह; हिन्दी नाटक; राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
2. सत्येन्द्रकुमार तनेजा (सम्पादक); नाटककार जयशंकर प्रसाद; राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
3. सत्येन्द्रकुमार तनेजा (सम्पादक); नाटककार भारतेन्दु की रंग–परिकल्पना; राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
4. सिद्धनाथ कुमार; हिन्दी एकांकी; राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
5. रामस्वरूप चतुर्वेदी; समकालीन हिन्दी साहित्य : विविध परिदृश्य; राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।

| एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम सेमेस्टर | | | | |
| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : **MHNC404** | | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : **भारतीय काव्यशास्त्र** | | |
| पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) : काव्यशास्त्र का ज्ञान काव्य को सम्यक् रीति से जानने–समझने के लिये आवश्यक होता है। भारत में काव्य की ही भांति काव्यशास्त्र की भी परम्परा अत्यन्त प्राचीन और समृद्ध है। हिन्दी के आचार्यों ने इसमें योगदान देकर इसे और समयानुकूल तथा संगत बनाया है। प्रस्तुत पत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख तत्त्वों से अवगत कराना है। | | | | |
| क्रेडिट : 4 | पूर्णांक : **25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** | | |
| कुल व्याख्यान संख्या : 60 | | | | |

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या | क्रेडिट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय काव्यशास्त्र का संक्षिप्त इतिहास; काव्य के लक्षण तथा स्वरूप; काव्य–प्रयोजन; काव्य–हेतु, काव्य के प्रकार। काव्यगुण; काव्यदोष। शब्दशक्तियाँ– अभिधा, लक्षणा तथा व्यंजना। | 15 | 1 |
| 2. | **काव्य के सिद्धांत :** रस, ध्वनि, रीति, वक्रोक्ति, तथा औचित्य सिद्धांतों का परिचय। | 15 | 1 |
| 3. | **अलंकार परिचय :** अलंकार सिद्धान्त तथा निम्नलिखित अलंकारों का सोदाहरण परिचय– श्लेष, वक्रोक्ति, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, सन्देह, भ्रान्तिमान, अतिशयोक्ति, अन्योक्ति, विशेषोक्ति, विभावना, द्रष्टान्त, उदाहरण, प्रतीप, काव्यलिंग, अपह्नुति, असंगति तथा विरोधाभास। | 15 | 1 |
| 4. | **छन्द परिचय–** छन्द की परिभाषा और तत्त्व; छन्दों का वर्गीकरण; काव्य में छन्दों का महत्त्व। अग्रांकित छन्दों के लक्षण और उदाहरण– वंशस्थ, वसन्ततिलका; मन्दाक्रान्ता; शार्दूलविक्रीडित; कवित्त, सवैया, दोहा, सोरठा, चौपाई, रोला, बरवै, हरिगीतिका, कुण्डलिया, छप्पय तथा मुक्त छन्द। | 15 | 1 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थी भारतीय काव्यशास्त्रीय परम्परा से परिचित हो सकेगे।
2. भारतीय काव्यशास्त्र और उसके प्रमुख तत्वों से अवगत हो सकेंगे।
3. काव्यशास्त्र के अध्ययन से विद्यार्थियों में साहित्य के सम्यक् अनुशीलन का विवेक उत्पन्न हो सकेगा।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. कुल मिलाकर पांच प्रश्न पूछे जायेंगे, सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिये समान रूप से 15 अंक निर्धारित रहेंगे।
2. प्रथम प्रश्न में प्रत्येक इकाई से एक–एक टिप्पणी पूछी जायेगी। इस तरह विद्यार्थी को कुल पांच टिप्पणियां लिखनी होंगीं।
3. शेष चार प्रश्नों में से तीन प्रश्न किन्हीं तीन अलग–अलग इकाइयों से पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न का विकल्प 'अथवा' करके पूछा जायेगा जो उसी इकाई से रहेगा।

4. अन्तिम पांचवा प्रश्न शेष दो इकाइयों से पूछा जायेगा। मूल प्रश्न एक इकाई से तथा उसी का विकल्प प्रश्न शेष अन्य इकाई से रहेगा।
5. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

**सहायक ग्रंथ :**


1. पी.बी काणे, हिस्टरी आफ संस्कृत पोयटिक्स; मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।
2. देश पाण्डे, साहित्य शास्त्र; पापुलर बुक डिपो, पूना।
3. डॉ. नगेन्द्र, काव्यशास्त्र की भूमिका; नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
4. डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी, भारतीय काव्यशास्त्र के नये क्षितिज; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
5. डॉ. भगीरथ मिश्र; नया काव्यशास्त्र; विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
6. पं. बलदेव उपाध्याय; संस्कृत आलोचना; षष्ठ संस्करण–2019; उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
7. भगीरथ मिश्र; हिन्दी काव्यशास्त्र का इतिहास।
8. डॉ. भगीरथ मिश्र; काव्यशास्त्र; विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
9. प्रो. धर्मदेव तिवारी 'शास्त्री'; सुगम भारतीय काव्यशास्त्र; संस्करण–2016; वन्द्रमुखी प्रकाशन, दिल्ली।
10. गणपतिचन्द्र गुप्त; भारतीय एवं पाश्चात्य काव्य सिद्धान्त; पुनर्मुद्रण–2014; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
11. रामचन्द्र तिवारी; भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र की रूपरेखा; द्वितीय संस्करण–2007; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
12. देवेन्द्रनाथ शर्मा; काव्य के तत्व; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।


.

<table>
<tr><td colspan="4" align="center">एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष</td></tr>
<tr><td colspan="4" align="center">प्रथम सेमेस्टर</td></tr>
<tr><td colspan="2" align="center">पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>MHNP405</td><td colspan="2" align="center">पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>हिन्दी शोध परियोजना</td></tr>
<tr><td colspan="4">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :<br>इस पत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध एवं सृजनात्मक क्षमता का विकास करना है। उच्च शिक्षा का महत् उद्देश्य शोध है। किसी विषय पर शोध परियोजना करने से विद्यार्थियों में शोध–क्षमता का विकास हो और वे आगे चलकर एक अच्छे शोधकर्ता बन सकें, इस दृष्टि से इस पत्र की आयोजना पाठ्यक्रम में की गयी है।</td></tr>
<tr><td colspan="2">क्रेडिट : 4</td><td>पूर्णांक :</td><td>उत्तीर्णांक : 36 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td colspan="4" align="center">कुल व्याख्यान संख्या : 60</td></tr>
<tr><td>इकाई</td><td colspan="2">पाठ्यवस्तु</td><td>व्याख्यान संख्या</td></tr>
<tr><td>1.</td><td colspan="2">इस पत्र के अन्तर्गत ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने हिन्दी विषय लेकर बी. ए. की परीक्षा 75 प्रतिशत या उससे अधिक प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण की हो, वे किसी शिक्षक के निर्देशन में हिन्दी भाषा एवं साहित्य से जुड़े किसी विषय का चयन कर एक शोध परियोजना पर कार्य करेंगे। शेष विद्यार्थी विकल्प के रूप में दिये गये प्रश्नपत्र का अध्ययन करेंगे।</td><td>15</td></tr>
</table>

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. विद्यार्थियों को शोध का व्यवहारिक अभ्यास होगा।
2. पीएच.डी. करने से पूर्व विद्यार्थी शोध की सही प्रविधि जान सकेगे और शोध कार्य की बारीकियों को समझकर उसमें दक्षता प्राप्त कर सकेंगे।
3. विद्यार्थी के एक गम्भीर अध्येता तथा उत्कृष्ट शोधार्थी के रूप में विकसित होने में यह पत्र सहायक होगा।

<table>
<tr><td colspan="3">एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष</td></tr>
<tr><td colspan="3">प्रथम सेमेस्टर</td></tr>
<tr><td colspan="2">पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>**MHNO405** (क)</td><td>पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>**लोक साहित्य**</td></tr>
<tr><td colspan="3">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :<br>काव्यशास्त्र का ज्ञान काव्य को सम्यक् रीति से जानने–समझने के लिये आवश्यक होता है। भारत में काव्य की ही भांति काव्यशास्त्र की भी परम्परा अत्यन्त प्राचीन और समृद्ध है। हिन्दी के आचार्यों ने इसमें योगदान देकर इसे और समयानुकूल तथा संगत बनाया है। प्रस्तुत पत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख तत्त्वों से अवगत कराना है।</td></tr>
<tr><td>क्रेडिट : 4</td><td>पूर्णांक :<br>**25+75=100**</td><td>उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत**</td></tr>
<tr><td colspan="3">कुल व्याख्यान संख्या : 60</td></tr>
</table>

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **लोक साहित्य का सामान्य परिचय :**<br>लोक की अवधारणा; लोक साहित्य : परिभाषा और स्वरूप; लोक साहित्य का वर्गीकरण; लोक साहित्य की विशेषताएँ एवं महत्त्व। लोक जीवन में लोक साहित्य की स्थिति और भूमिका; लोक साहित्य के अध्ययन की समस्याएं; लोक साहित्य में नित्य नूतनता और प्रसार। | 15 |
| 2. | **साहित्य, लोक साहित्य और लोक संस्कृति :**<br>लोक साहित्य और साहित्य में अन्तर; लोक साहित्य और साहित्य में पारस्परिक सम्बन्ध (साहित्य में लोक साहित्य के तथा लोक साहित्य में साहित्य के तत्त्वों की व्याप्ति एवं प्रभाव); लोक साहित्य तथा लोक संस्कृति में अंतःसंबंध; लोक साहित्य में राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना। | 15 |
| 3. | **लोक साहित्य की विविध विधाएँ– एक :**<br>लोकगीत : परिभाषा एवं प्रकार; लोकगीतों की विशेषताएँ; लोककथा का अर्थ एवं विशेषताएँ; लोकजीवन में लोककथाओं की भूमिका एवं महत्ता; लोकगाथा : अभिप्राय एवं स्वरूप; लोकगाथा का लोकगीत और लोककथा से अन्तर। | 15 |
| 4. | **लोक साहित्य की विविध विधाएँ– दो :**<br>लोकनाट्य का अर्थ, स्वरूप एवं प्रकार; लोकनाट्य की विशेषताएँ; लोकसुभाषित का अर्थ तथा भेद; लोकोक्ति का अर्थ एवं वर्गीकरण; मुहावरे और लोकोक्ति में अन्तर। | 15 |

**विशेष निर्देश : जिन विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय के साथ स्नातक कक्षा 75 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण की होगी, वे इस प्रश्नपत्र के स्थान पर शोध परियोजना पर कार्य करेंगे।**

**सहायक ग्रन्थ :**

डॉ. दिनेश्वर प्रसाद, लोक साहित्य और संस्कृति, लोक भारती प्रकाशन, प्रयागराज, 1973

1. डॉ. श्रीराम शर्मा, लोक साहित्य सिद्धांत और प्रयोग, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, 1973
2. डॉ. उषा सक्सेना, लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति, राजभाषा प्रकाशन, दिल्ली, 2007
3. कृष्णदेव उपाध्याय, लोक साहित्य की भूमिका, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, प्रयागराज, 1957
4. रामनाथ सुमन, संपादक, सम्मेलन पत्रिका, लोक संस्कृति विशेषांक, प्रयागराज, संवत 2010
5. प्रो. चितरंजन मिश्र एवं दुर्गाप्रसाद ओझा, समकालीन हिंदी एवं अवधी कविता, प्रकाशन केंद्र लखनऊडॉ. श्रीधर मिश्र,
6. भोजपुरी लोक साहित्य : सांस्कृतिक अध्ययन, हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयागराज।

| एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष | |
|---|---|
| **प्रथम सेमेस्टर** | |
| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : **MHNO405 (ख)** | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : **तुलनात्मक साहित्य (हिन्दी एवं नेपाली)** |

पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :

तुलनात्मक अध्ययन आज के समय में एक आवश्यक तथा उपयोगी विषय है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में स्थित है, जो कि नेपाल के अत्यन्त निकट है। नेपाली भारतीय संविधान में स्वीकृत 22 भाषाओं में से एक है, तो नेपाल में भी हिन्दी बड़े पैमाने पर बोली–समझी जाती है। अतः इस पत्र के अन्तर्गत तुलनात्मक अध्ययन के लिये हिन्दी एवं नेपाली साहित्य को चुना गया है। साहित्य के माध्यम से भारतीय एवं नेपाली समाज–संस्कृति के अन्तर्सम्बन्धों से विद्यार्थियों को अवगत कराना इस पत्र का उद्देश्य है।

| क्रेडिट : 4 | पूर्णांक : 25+75=100 | उत्तीर्णांक : 36 प्रतिशत |
|---|---|---|
| कुल व्याख्यान संख्या : 60 | | |

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | तुलनात्मक अध्ययनः अर्थ एवं स्वरूप; तुलनात्मक अध्ययन का इतिहास; तुलनात्मक अध्ययन के विविध आयाम; भारत में तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता तथा क्षेत्र; हिन्दी में तुलनात्मक अध्ययन की परम्परा और उसका विकास। | 15 |
| 2. | भारत एवं नेपाल के ऐतिहासिक सम्बन्ध; भारत एवं नेपाल की साझी सांस्कृतिक भूमि; नेपाल में हिन्दी और भारत में नेपाली भाषा; हिन्दी एवं नेपाली भाषा–साहित्य में अन्तर्निहित सांस्कृतिक एकता के सूत्र; हिन्दी एवं नेपाली साहित्य की साझी विरासत। | 15 |
| 3. | हिन्दी एव नेपाली के एक–एक कवि का तुलनात्मक अध्ययन | 15 |
| 4. | हिन्दी एवं नेपाली की एक–एक कथा–रचना का तुलनात्मक अध्ययन | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. इस पत्र के अध्ययन द्वारा विद्यार्थी तुलनात्मक अध्ययन के स्वरूप, उसमें निहित अध्ययन की सम्भावनाओं तथा इस तरह के अध्ययन की उपयोगिता को जान–समझ सकेंगे।
2. हिन्दी एवं नेपाली भाषा में उपलब्ध साहित्य की समृद्ध परम्परा तथा उसकी प्रमुख विशेषताओं से अवगत हो सकेगे।
3. हिन्दी एव नेपाली के चयनित साहित्यकारों एवं उनकी कृतियों के अध्ययन द्वारा हिन्दी एवं नेपाली साहित्य, समाज तथा संस्कृति के अन्तर्सम्बन्धों को समझकर और भी पारस्परिक निकटता का अनुभव कर सकेंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखने को बाध्य हो।

सहायक ग्रंथ :

1. तुलनात्मक साहित्य की भूमिका; इन्द्रनाथ चौधरी, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
2. तुलनात्मक साहित्य : भारतीय परिप्रेक्ष्य; इन्द्रनाथ चौधरी, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
3. तुलनात्मक साहित्य; डॉ. नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
4. भारतीय साहित्य : स्थापनाएँ और प्रस्तावनाएँ; के. सच्चिदानन्दन, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
5. भारतीय साहित्य के इतिहास की समस्याएँ; रामविलास शर्मा, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
6. मराठी साहित्यः विविध परिदृश्य; चन्द्रकान्त वांदिवडेकर, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
7. भारतीय साहित्य; डॉ. नगेन्द्र, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली।
8. तुलनात्मक अध्ययन : स्वरूप और समस्याएँ; सं. डॉ. म. ह, राजूरकर, डॉ. राजमल बोरा, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
9. भाषा और समाज; डॉ. रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।

<table>
<tr><td colspan="3">एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष</td></tr>
<tr><td colspan="3">द्वितीय सेमेस्टर</td></tr>
<tr><td>पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>**MHNC411**</td><td colspan="2">पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>**हिन्दी आलोचना और आलोचक**</td></tr>
<tr><td colspan="3">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :<br>संस्कृत में काव्यशास्त्र की एक सशक्त परम्परा रही है। हिन्दी की आधुनिक आलोचना भारतीय एवं पाश्चात्य– दोनों चिन्तन–सरणियों के समन्वय से और भी पुष्ट हुई है। यह जिन आलोचकों और आलोचना–कृतियों के माध्यम से समृद्ध हुई है, उनमें से कतिपय प्रमुख आलोचकों और उनके अवदान से अवगत कराना ही इस पत्र का उद्देश्य है।</td></tr>
<tr><td>क्रेडिट : **4**</td><td>पूर्णांक :<br>**25+75=100**</td><td>उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत**</td></tr>
<tr><td colspan="3">कुल व्याख्यान संख्या : 60</td></tr>
</table>

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **हिन्दी आलोचना का विकास और मुख्य आलोचना–दृष्टियां :**<br>हिन्दी आलोचना का आरम्भिक स्वरूप; हिन्दी आलोचना का विकास– शुक्ल पूर्व, शुक्ल युग एवं शुक्लोत्तर युग; हिन्दी आलोचना की प्रमुख दृष्टियां– ऐतिहासिक, शास्त्रीय, समाजशास्त्रीय, मार्क्सवादी, मनोविश्लेषणवादी, प्रभाववादी, रूपवादी तथा विमर्शवादी; हिन्दी आलोचना का समकालीन परिदृश्य। | 15 |
| 2. | **हिन्दी के प्रमुख आलोचक :**<br>1. आ. रामचन्द्र शुक्ल<br>2. डॉ. नन्ददुलारे बाजपेयी<br>3. डॉ. नगेन्द्र | 15 |
| 3. | **हिन्दी के प्रमुख सांस्कृतिक आलोचक**<br>1. आ. हजारीप्रसाद द्विवेदी<br>2. डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी<br>1. सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय | 15 |
| 4. | **हिन्दी के प्रमुख मार्क्सवादी आलोचक :**<br>1. डॉ. रामविलास शर्मा<br>2. डॉ. नामवर सिंह<br>3. गजानन माधव मुक्तिबोध | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. इस प्रश्नपत्र के अध्ययन द्वारा विद्यार्थी हिन्दी साहित्य के इतिहास के आधुनिककाल में लिखे काव्य, उसके लिये प्रेरक परिस्थितियों तथा उसकी प्रवृत्तियों से अवगत हो सकेंगे।
2. प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य से आधुनिककालीन काव्य के अन्तर को जान सकेंगे तथा नवयुगीन चेतना एवं संवेदना को समझ सकेंगे।
3. भारतीय स्वाधीनता संग्राम में हिन्दी साहित्य की भूमिका को जान सकेंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखने को बाध्य हो।

**सहायक ग्रंथः**


1. कविता के नए प्रतिमान; डॉ. नामवर सिंह; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
2. आलोचक और आलोचना; बच्चन सिंह; नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
3. हिन्दी आलोचना का विकास; नंदकिशोर नवल; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
4. हिन्दी आलोचनाः शिखरों का साक्षात्कार; डॉ. रामचन्द्र तिवारी; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
5. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्य; डॉ. चौथीराम यादव, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला।
6. तीसरा रुख; पुरुषोत्तम अग्रवाल; राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
7. नई कविता और अस्तित्ववाद; रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
8. हिन्दी आलोचना; विश्वनाथ त्रिपाठी; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
9. इतिहास और आलोचना; नामवर सिंह; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
10. दूसरी परंपरा की खोज; नामवर सिंह; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
11. हिन्दी आलोचना का विकास; मधुरेश; लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली।
12. रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना; रामविलास शर्मा; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
13. हिंदी के प्रहरी; रामविलास शर्मा, सं. विश्वनाथ त्रिपाठी; वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
14. आलोचना की सामाजिकता; मैनेजर पाण्डेय; वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
15. आलोचना और आलोचना; देवी शंकर अवस्थी; वाणी प्रकाशन, दिल्ली।

| एम. ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष | | |
|---|---|---|
| द्वितीय सेमेस्टर | | |
| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : **MHNC412** | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : **आदिकालीन एवं मध्यकालीन प्रबन्ध–काव्य** | |
| पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) : कवियों द्वारा हिन्दी साहित्य के आदिकाल से ही उत्कृष्ट प्रबन्ध–काव्यों के सृजन की परम्परा चली आयी है। एक–से–एक श्रेष्ठ महाकाव्य हिन्दी में उपलब्ध हैं, जिन्होंने परवर्ती कवियों पर तो अपना प्रभाव डाला ही है, जनता को भी बड़े व्यापक स्तर पर प्रभावित और प्रेरित किया है। इस पत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को आदिकाल से लेकर मध्यकाल तक लिखे गये हिन्दी के प्रसिद्ध प्रबन्ध–काव्यों और उनकी विशेषताओं से परिचित कराना है। | | |
| क्रेडिट : **4** | पूर्णांक : **25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** |
| कुल व्याख्यान संख्या : 60 | | |

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | चन्दवरदाई :<br>**पृथ्वीराजरासो–रेवा तट (प्रारम्भिक 20 छन्द)**<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु** : रासो काव्य–परम्परा और पृथ्वीराजरासो; पृथ्वीराजरासो की प्रामाणिकता; तत्कालीन परिवेश और पृथ्वीराजरासो; रासो का काव्य–सौष्ठव; रेवा तट का काव्य–वैशिष्ट्य। | 15 |
| 2. | **मलिक मुहम्मद जायसी**<br>**पद्मावत– नागमती वियोग वर्णन**<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु** : सूफी काव्य–परम्परा और 'पद्मावत'; 'पद्मावत' में प्रेम–व्यंजना; 'पद्मावत' में लोक–तत्त्व; 'पद्मावत' का काव्य–सौष्ठव; पद्मावत के प्रतीकार्थ; नागमती वियोग–वर्णन का वैशिष्ट्य। | 15 |
| 3. | **तुलसीदास**<br>**श्रीरामचरितमानस**; गीता प्रेस, गोरखपुर<br>**उत्तरकाण्ड** : दोहा संख्या– 21 से 41।<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु**– राम–काव्य–परम्परा और तुलसीदास; निर्गुण का स्वरूप तथा कबीर और तुलसी के राम में अन्तर; तुलसी का समन्वयवाद, भक्ति–भावना, लोक–मंगल; दार्शनिक सिद्धान्त तथा काव्यगत विशेषताएँ। | 15 |
| 4. | **केशवदास :रामचन्द्रिका**<br>**परशुराम–लक्ष्मण संवाद** (संक्षिप्त रामचन्द्रिका; सम्पादक–रामचन्द्र तिवारी; विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी; पद सं. 52 से 99)<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु**– केशव का आचार्यत्व; राम–काव्य–परम्परा और 'रामचन्द्रिका'; काव्य–वैभव; संवाद–योजना। | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. प्राचीन एवं मध्यकालीन श्रेष्ठ प्रबन्ध–काव्यों को इस पत्र के अन्तर्गत चयनित किया गया है। इनके अध्ययन द्वारा विद्यार्थियों को प्रबन्ध–काव्यों के स्वरूप एवं महत्ता का परिज्ञान हो सकेगा।
2. मध्यकालीन जीवन की दिशा बदल देने के साथ ही समाज पर आज तक अपना प्रभाव बनाये हुए इन प्रबन्ध–काव्यों की विशेषताओं से विद्यार्थियों का परिचय हो सकेगा।
3. प्राचीन एवं मध्यकालीन जीवन–मूल्यों तथा काव्य–मूल्यों का भी विद्यार्थियों को ज्ञान हो सकेगा।

प्रश्नपत्र का स्वरूप :

1. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

सहायक ग्रंथ :


1. डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल; बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना।
2. डॉ. नामवर सिंह, पृथ्वीराज रासो की भाषा; राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
3. डॉ. सुमन राजे; चन्दवरदाई; प्रथम संस्करण–2005;उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
4. डॉ. प्रभाकर शुक्ल; मलिक मुहम्मद जायसी; उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
5. रामलाल वर्मा, जायसी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, भारतीय ग्रन्थ निकेतन, दिल्ली, 1979।
6. मुंशीलाल पाठक, मलिक मोहम्मद जायसी और उनका काव्य, साहित्य भवन, इलाहाबाद।
7. डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, मध्यकालीन धर्म साधना; साहित्य भवन, इलाहाबाद।
8. रामनरेश त्रिपाठी, तुलसीदास और उनकी कविता (भाग–1), हिन्दी मंदिर, प्रयाग, 1937।
9. राजपति दीक्षित, तुलसीदास और उनका युग, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वाराणसी, 1953।
10. डॉ. भगवानशरण भारद्वाज (सम्पादक); तुलसी पंचशती स्मृति–पारिजात; योगक्षेम प्रकाशन, चित्रकूट, सिन्धुनगर, बरेली।
11. द्वारिका प्रसाद सक्सेना, हिन्दी के आधुनिक प्रतिनिधि कवि, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
12. प्रो. हरीशकुमार शर्मा; तुलसी साहित्य का आधुनिक सन्दर्भ; प्रथम संस्करण–2012; साहित्य सहकार प्रकाशन, दिल्ली।

एम0. ए. (हिन्दी) प्रथम वर्ष

द्वितीय सेमेस्टर

| पाठ्यक्रम कोड : **MHNC413** | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : **राष्ट्रीय चेतना का हिन्दी काव्य** |
|---|---|

**पाठ्यक्रम परिणाम (Course outcomes) :**

साहित्य हमें हमारे जीवन–मूल्यों से जोड़ता है। राष्ट्रीयता एक बड़ा जीवन–मूल्य है। हिन्दी कविता प्राचीन काल से ही इससे जुड़ी रही है। इस प्रश्नपत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कालों के ऐसे हिन्दी कवियों और उनके इस तरह के काव्य से परिचित कराना है जो राष्ट्रीय चेतना से अनुप्राणित हैं। इस तरह की कविताओं के अध्ययन से उनमें निश्चय ही राष्ट्रीयता की भावना और भी पुष्ट तथा प्रगाढ़ हो सकेगी और उनमें राष्ट्र के प्रति अनुराग जाग्रत होगा।

| क्रेडिट **: 4** | पूर्णांक **: 25+75 =100** | उत्तीर्णांक **: 36%** |
|---|---|---|

कुल व्याख्यान संख्या- 60

| इकाई | विषयवस्तु | व्याख्यानों की संख्या |
|---|---|---|
| I | **क. मैथिलीशरण गुप्त :**<br>शिक्षा की अवस्था (भारत भारती); मातृभूमि।<br>**ख. जयशंकर प्रसाद**<br>अरुण यह मधुमय देश हमारा; हिमालय के आँगन में; पेशोला की प्रतिध्वनि; हिमाद्रि तुग श्रृंग से।<br>**ग. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला :**<br>वर दे वीणावादिनि वर दे; भारती वंदना (भारति जय विजय करे); जागो फिर एक बार–2 | 15 |
| II | **क. महादेवी वर्मा** : पन्थ होने दो अपरिचित; जाग बेसुध जाग; जाग तुझको दूर जाना।<br>**ख. माखनलाल चतुर्वेदी** : पुष्प की अभिलाषा; जवानी।<br>**ग. सुभद्रा कुमारी चौहान**– वीरो का कैसा हो वसन्त; झाँसी की रानी। | 15 |
| III | **क. बालकृष्ण शर्मा नवीन** : कोटि–कोटि कण्ठों से निकली; विप्लव गान।<br>**ख. रामधारी सिंह दिनकर** : अरुणोदय, हिमालय; कलम आज उनकी जय बोल।<br>**ग. श्यामनारायण पाण्डेय** : चेतक की वीरता; राणा प्रताप की तलवार। | 15 |
| IV | **क. द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी** : उठो धरा के अमर सपूतो; वीर तुम बढ़े चलो।<br>**ख. बंशीधर शुक्ल** : कदम–कदम बढ़ाए जा, सबेरा हुआ है।<br>**ग. अटल बिहारी बाजपेयी** : कदम मिलाकर चलना होगा। | 15 |

| 191 | Please use Hindi in correspondence | कृपया पत्राचार में हिंदी का प्रयोग करें |
| 192 | Postpone for the present | इस समय स्थगित रखें |
| 193 | Put up for perusal please | अवलोकनार्थ प्रस्तुत |
| 194 | Put up for verification | सत्यापन के लिए प्रस्तुत करें |
| 195 | Quick disposal of claim | दावे का शीध्र निपटान |
| 196 | Quota alloted for staff | स्टाफ के लिए निर्धारित कोटा |
| 197 | Reasons for delay be explained | देरी/विलंब होने के कारण बताए जाएं |
| 198 | Relevant papers be put up | संबंधित कागज–पत्र प्रस्तुत किए जाएं |
| 199 | Reminder may be sent | अनुस्मारक भेजा जाए, स्मरण–पत्र भेज दें |
| 200 | Required information is furnished herewith | अपेक्षित सूचना इसके साथ भेजी जा रही है |

सहायक ग्रन्थः


1. रामचंद्र सिंह सागर, कार्यालय कार्य विधि, आत्माराम एंड संस, नयी दिल्ली, 1963
2. चंद्रपाल शर्मा, कार्यालयीन हिन्दी की प्रकृति, समता प्रकाशन, दिल्ली, 1991
3. प्रज्ञा पाठशाला, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली
4. डॉ. विनोद गोदरे, प्रयोजनमूलक हिन्दी, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2009
5. दंगल झाल्टे, प्रयोगजनमूलक हिन्दी : सिद्धांत और प्रयोग, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2016
6. कैलाश चन्द्र भाटिया, प्रयोजनमूलक हिन्दी : प्रकिया और स्वरूप, तक्षशिला प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2005
7. डॉ,. संजीव कुमार जैन, प्रयोगजनमूलक कामकाजी हिन्दी एवं कम्प्यूटिंग, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल
8. संतोष गोयल, हिन्दी भाषा और कम्प्यूटर; श्री नटराज प्रकाशन, दिल्ली
9. हरिमोहन, आधुनिक जनसंचार और हिन्दी, तक्षशिला प्रकाशन, नयी दिल्ली
10. हरिमोहन, कम्प्यूटर और हिन्दी, तक्षशिला प्रकाशन, नयी दिल्ली

11. पूरनचंद टंडन, भाषा दक्षता (भाग 01 से 04), किताबघर प्रकाशन, दिल्ली, 2018
12. कुसुम अग्रवाल, अनुवाद शिल्प : समकालीन संदर्भ, साहित्य सहकार प्रकाशन, दिल्ली, 1999
13. 17. http:shabdavali.rbi.org.in/ (बैकिंग शब्दावली)
14. http:rajbhasha.gov.in/hi/hindi-vocabulary (विभिन्न पारिभाषिक शब्दकोश)

18. http://www.collinsdictionary.com/hi/dictionary/english-hindi (अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोश)

## एम. ए. हिन्दी द्वितीय वर्ष

### तृतीय सेमेस्टर

| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : |
|---|---|
| **MHNE503 (ख)** | **मीडिया–लेखन** |

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :**

मीडिया का क्षेत्र आज के समय में रोजगार का तो एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है ही, कुछ अच्छा कर गुजरने का भी एक बेहतर माध्यम है। इस पत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस क्षेत्र से अवगत कराना, इस क्षेत्र को व्यवसाय के लिये चयनित करने हेतु उन्हें प्रेरित करना तथा इस हेतु दक्ष बनाना है।

| क्रेडिट : 4 | पूर्णांक : **25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** |
|---|---|---|

कुल व्याख्यान संख्या : 60

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मीडिया–लेखन : अभिप्राय एवं क्षेत्र; मीडिया–लेखन की विभिन्न विधाएं– समाचार लेखन, रेडियो वार्ता लेखन, नाटक लेखन, रेडियो नाटक लेखन, टी. वी. नाटक लेखन, नाट्य रूपान्तर, डॉक्यूमेंटरी लेखन, फीचर लेखन, फीचर फिल्म लेखन, विज्ञापन लेखन आदि। | 15 |
| 2. | **सम्पादन कला :** सम्पादक का महत्त्व एवं कार्य, समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के विभिन्न स्तम्भों की योजना; समाचार सम्पादन के आधारभूत तत्त्व; संवाददाता की कार्यपद्धति एवं अर्हता; समाचार संकलन के विविध स्रोत; प्रेस एवं पत्रकारिता सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण शब्दावली। | 15 |
| 3. | **रेडियो–लेखन :** वार्ता; नाटक; नाट्य–रूपान्तर; एंकरिंग; समाचार–वाचन; उद्घोषणा; भेंट–वार्ता; रूपक। | 15 |
| 4. | **टेलीविजन एवं फिल्म लेखन :** डॉक्यूमेंटरी; फीचर; फिल्म तथा धारावाहिक लेखन; स्क्रिप्ट–लेखन; समाचार–वाचन; एंकरिंग; रिपोर्ट लेखन एवं प्रस्तुति तथा साक्षात्कार। | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. विद्यार्थी मीडिया–लेखन के विभिन्न आयामों से अवगत हो सकेंगे।
2. मीडिया–लेखन की विविध प्रविधियों को सीख सकेंगे।
3. मीडिया के क्षेत्र में कार्यरत होने के लिये प्रेरित हो अपेक्षित दक्षता प्राप्त कर सकेंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखने को बाध्य हो।

**सहायक ग्रन्थः**


1. रामचंद्र सिंह सागर, कार्यालय कार्य विधि, आत्माराम एंड संस, नयी दिल्ली, 1963
2. चंद्रपाल शर्मा, कार्यालयीन हिन्दी की प्रकृति, समता प्रकाशन, दिल्ली, 1991
3. प्रज्ञा पाठशाला, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

4. डॉ. विनोद गोदरे, प्रयोजनमूलक हिन्दी, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2009
5. दंगल झाल्टे, प्रयोगजनमूलक हिन्दी : सिद्धांत और प्रयोग, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2016
6. कैलाश चन्द्र भाटिया, प्रयोजनमूलक हिन्दी : प्रक्रिया और स्वरूप, तक्षशिला प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2005
7. डॉ,. संजीव कुमार जैन, प्रयोगजनमूलक कामकाजी हिन्दी एवं कम्प्यूटिंग, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल
8. संतोष गोयल, हिन्दी भाषा और कम्प्यूटर; श्री नटराज प्रकाशन, दिल्ली
9. हरिमोहन, आधुनिक जनसंचार और हिन्दी, तक्षशिला प्रकाशन, नयी दिल्ली
10. हरिमोहन, कम्प्यूटर और हिन्दी, तक्षशिला प्रकाशन, नयी दिल्ली
11. पूरनचंद टंडन, भाषा दक्षता (भाग 01 से 04), किताबघर प्रकाशन, दिल्ली, 2018
12. कुसुम अग्रवाल, अनुवाद शिल्प : समकालीन संदर्भ, साहित्य सहकार प्रकाशन, दिल्ली, 1999
13. 17. http:shabdavali.rbi.org.in/ (बैकिंग शब्दावली)
14. http:rajbhasha.gov.in/hi/hindi-vocabulary (विभिन्न पारिभाषिक शब्दकोश)

18. http://www.collinsdictionary.com/hi/dictionary/english-hindi (अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोश)

## एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष

## तृतीय सेमेस्टर

| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : |
|---|---|
| **MHNE504 (क)** | **भारतीय साहित्य** |

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :**

भारत बहुभाषा भाषी देश है, किंतु भारत की विभिन्न संस्कृतियों में एक प्रकार की सूत्रबद्धता है। भारत की विभिन्न भाषाओं में साहित्य–सृजन हो रहा है और उसमें से बहुत सा महत्त्वपूर्ण साहित्य अब हिन्दी में अनूदित रूप में उपलब्ध है। भारत के किसी भी क्षेत्र और भाषाभाषी छात्र–छात्रा के लिये यह आवश्यक है कि वह अपनी भाषा से इतर दूसरी भारतीय भाषाओं का साहित्य भी पढ़े–समझे। हिन्दी के विद्यार्थी का अन्य भारतीय भाषाओं में लिखे जा रहे साहित्य से कुछ परिचय हो सके, इसी दृष्टि से इस प्रश्नपत्र के अन्तर्गत भारतीय साहित्य की कतिपय प्रमुख रचनाओं का समावेश किया जा रहा है। इनके माध्यम से विद्यार्थी भारतीय साहित्य से कुछ–न–कुछ परिचित हो सकेंगे और उनमें उसके और अध्ययन के प्रति रुचि जाग्रत हो सकेगी।

| क्रेडिट : 4 | पूर्णांक : **25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** |
|---|---|---|

कुल व्याख्यान संख्या : 60

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में भारत; भारतीयता एवं भारतीय साहित्य की साहित्य की परम्परा; भारतीय साहित्य के अध्ययन की समस्याएं; बहुभाषा–सांस्कृतिकता और भारतीय साहित्य। भारतीय साहित्य–संस्कृति में एकतामूलक तत्व; भारतीय साहित्य में आज के भारत का बिंब । | 15 |
| 2. | **कविता :**<br>सुब्रह्मण्यम भारती– **स्वतन्त्रता; नाचेंगे हम।**<br>**रवीन्द्रनाथ ठाकुर– जहाँ चित्त भयशून्य**<br>सीताकान्त महापात्र– **धान–कटाई; वर्षा की सुबह**<br>रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव– **जन्मभूमि**<br>चन्द्रकान्ता– **निष्काषितों की बस्ती में**<br>उमाशंकर जोशी– **वर दे इतना; छोटा मेरा खेत**<br>पद्मा सचदेव– **डोगरी**<br>**पाठ्य–पुस्तक** : आधुनिक भारतीय कविता; सम्पादक– डॉ. अवधेश नारायण मिश्र, डॉ. नन्दकिशोर पाण्डेय; विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी<br>**आलोचना के बिन्दु** : निर्धारित कवियों का साहित्यिक परिचय और पठित कविताओं का प्रतिपाद्य एवं साहित्यिक सौन्दर्य | 15 |
| 3. | **उपन्यास :**<br>**जय सोमनाथ**– कन्हैयालाल मणिक लाल मुंशी | 15 |
| 4. | **कहानी एवं निबन्ध :**<br>**चामर ग्राहिणी**– विश्वनाथ सत्यनारायण (तेलगू)<br>**आईना**– येशे दोरजी थोंग्छी (असमिया)<br>**उई–मोक– जमुना बीनी तादर** (अरुणाचली लोककथा)<br>**स्त्री–पुरुष तुलना**– ताराबाई शिन्दे (मराठी)<br>**भारत की सांस्कृतिक एकता**– गुलाब राय (हिन्दी) | 15 |

पाठ्यक्रम परिणाम :

1. हिन्दी साहित्य के साथ–साथ विद्यार्थी इस पत्र के माध्यम से भारतीय साहित्य की कतिपय प्रतिनिधि रचनाओं का अध्ययन कर उसके बारे में जान सकेंगे।
2. विद्यार्थी भारतीय साहित्य में निहित एकता विधायक तत्त्वों को जानकर विभिन्न भाषाओं के साहित्य और साहित्यकारों से तादात्म्य स्थापित कर सकेंगे तथा उनमें उसके व्यापक अध्ययन के प्रति रुचि उत्पन्न हो सकेगी।
3. विद्यार्थियों में भारत, भारतीयता एवं भारतीय साहित्य के प्रति एक गर्व का भाव उत्पन्न होगा तथा उनमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना सबल होगी।

प्रश्नपत्र का स्वरूप :

1. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

सहायक ग्रंथ :


1. आज का भारतीय साहित्य, अनुवाद; प्रभाकर माचवे
2. भारतीय साहित्य; रामछबीला त्रिपाठी
3. भारतीय साहित्य; मूलचंद गौतम
4. भारतीय साहित्य के अध्ययन की नई दिशाएँ; प्रदीप श्रीधर
5. भारतीय साहित्य का समेकित इतिहास ; डॉ. नगेंद्र
6. भारतीय साहित्य की अवधारणा; राजेंद्र मिश्र
7. भारतीय साहित्य की पहचान; सं. सियाराम तिवारी
8. भारतीय साहित्य के इतिहास की समस्याएँ; रामविलास शर्मा
9. भारतीय साहित्य; सं.– नगेंद्र; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली
10. भारतीय साहित्य; भोला शंकर व्यास
11. अरुणाचल प्रदेश की लोककथाएं; सम्पा.– नन्दकिशोर पाण्डेय और हरीशकुमार शर्मा; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2022।
12. गाय–गेका की औरतें; जोराम यालाम; अनन्य प्रकाशन, दिल्ली; 2021।
13. डोगरी–कश्मीरी की लोकप्रिय कहानियाँ; सम्पा.– गौरीशंकर रैणा; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2019।
14. तेलगू की लोकप्रिय कहानियाँ; सम्पा.– बालशौरि रेड्डी; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2018।
15. लोकप्रिय आदिवासी कहानियाँ; सम्पा.– वन्दना टेटे; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2017।
16. भाषा, साहित्य और संस्कृति; सम्पा.– विमलेश कान्ति वर्मा, मालती; आरिएंट ब्लैकस्वान प्रा. लिमि. दिल्ली; नवीन संस्करण।

**एम. ए. हिन्दी द्वितीय वर्ष**

**तृतीय सेमेस्टर**

| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : |
|---|---|
| **MHNE504** (ख) | **अवधी साहित्य** |

पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :

भोजपुरी के साथ–साथ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का परिक्षेत्र अवधी से भी जुड़ता है। अतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की भावना के अनुरूप भोजपुरी साहित्य के विकल्प के रूप में अवधी साहित्य का यह पत्र तैयार किया गया है। इस पत्र का उद्देश्य अवधी साहित्य से विद्यार्थियों का परिचय करवाना है। अवधी मध्यकाल में साहित्य–सृजन की एक प्रमुख भाषा रही है। इसलिये इस पत्र में प्राचीन एवं अर्वाचीन– दोनों प्रकार के प्रमुख साहित्यकारों के साहित्य का चयन किया गया है।

| क्रेडिट : 4 | पूर्णांक : 25+75=100 | उत्तीर्णांक : 36 प्रतिशत |
|---|---|---|

कुल व्याख्यान संख्या : 60

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या | क्रेडिट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अवधी क्षेत्र और उसकी संस्कृति; अवधी साहित्य का स्वरूप और विशेषताएं; अवधी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास; अवधी साहित्य और लोक साहित्य; समकालीन अवधी लेखन; अवधी साहित्य में समाज–संस्कृति; अवधी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना; अवधी क्षेत्र के रचनाकारों का हिन्दी साहित्य को योगदान। | 15 | 1 |
| 2. | **मलिक मुहम्मद जायसी :**<br>**पद्मावत–मानसरोदक खण्ड** | 15 | 1 |
| 3. | **तुलसीदास :**<br>**रामचरितमानस–अयोध्याकाण्ड (चित्रकूट प्रसंग)** | 15 | 1 |
| 4. | **आधुनिक साहित्य :**<br>**काव्य–**<br>पं. वंशीधर शुक्ल– **सलीमा**<br>पढ़ीस– **महतारी**<br>डॉ. विद्याबिन्दु सिंह– **गउवां–गिरउवां**<br>डॉ. देवी सहाय पाण्डेय 'दीप'– **पतिया**<br>**गद्य–**<br>वंशीधर शुक्ल– **बेदखली**<br>सत्यधर शुक्ल– **करनी का फल** | 15 | 1 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. विद्यार्थी इस पत्र के अध्ययन से अवधी में रचित रचनाओं से अवगत हो सकेंगे।
2. साहित्य के माध्यम से अवधी संस्कृति के वैशिष्ट्य से भी उनका परिचय हो सकेगा।
3. अवधी और हिन्दी के अन्तर्सम्बन्धों को समझ सकेंगे और हिन्दी के विकास में अवधी के योगदान से भी अवगत हो सकेंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

सहायक ग्रंथ :


1. डॉ. प्रभाकर शुक्ल; मलिक मुहम्मद जायसी; उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
2. रामलाल वर्मा, जायसी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, भारतीय ग्रन्थ निकेतन, दिल्ली, 1979।
3. मुंशीलाल पाठक, मलिक मोहम्मद जायसी और उनका काव्य, साहित्य भवन, इलाहाबाद।
4. डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, मध्यकालीन धर्म साधना; साहित्य भवन, इलाहाबाद।
5. रामनरेश त्रिपाठी, तुलसीदास और उनकी कविता (भाग–1), हिन्दी मंदिर, प्रयाग, 1937।
6. राजपति दीक्षित, तुलसीदास और उनका युग, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वाराणसी, 1953।
7. डॉ. भगवानशरण भारद्वाज (सम्पादक); तुलसी पंचशती स्मृति–पारिजात; योगक्षेम प्रकाशन, चित्रकूट, सिन्धुनगर, बरेली।
8. द्वारिका प्रसाद सक्सेना, हिन्दी के आधुनिक प्रतिनिधि कवि, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
9. प्रो. हरीशकुमार शर्मा; तुलसी साहित्य का आधुनिक सन्दर्भ; प्रथम संस्करण–2012; साहित्य सहकार प्रकाशन, दिल्ली।
10. डॉ. रामविलास शर्मा एवं युक्तिभद्र दीक्षित (सम्पा.); पढ़ीस ग्रन्थावली; उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ; संस्क. 1998।
11. डॉ. श्याम सुन्दर मिश्र मधुप (सम्पा.); वंशीधर शुक्ल रचनावली; उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ; संस्क. 2003।
12. जगदीश पीयूष (सम्पा.); अवधी ग्रन्थावली, खण्ड–4 (आधुनिक साहित्य खण्ड); वाणी प्रकाशन, दिल्ली।

<table>
<tr><td colspan="2" align="center">एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष</td></tr>
<tr><td colspan="2" align="center">तृतीय सेमेस्टर</td></tr>
<tr><td align="center">पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>MHNP505</td><td align="center">पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>हिन्दी शोध परियोजना</td></tr>
<tr><td colspan="2" align="center">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :</td></tr>
<tr><td colspan="2" align="center">क्रेडिट : 4</td></tr>
<tr><td colspan="2" align="center">कुल व्याख्यान संख्या : 60</td></tr>
<tr><td colspan="2" align="center">पाठ्यवस्तु</td></tr>
<tr><td colspan="2">इस पत्र के अन्तर्गत विद्यार्थी किसी शिक्षक के निर्देशन में हिन्दी भाषा एवं साहित्य से जुड़े किसी विषय का चयन कर एक शोध परियोजना पर कार्य करेंगे।</td></tr>
</table>

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. विद्यार्थियों को शोध का व्यवहारिक अभ्यास होगा।
2. पीएच.डी. करने से पूर्व विद्यार्थी शोध की सही प्रविधि जान सकेगे और शोध कार्य की वारीकियों को समझकर उसमें दक्षता प्राप्त कर सकेंगे।
3. विद्यार्थी के एक गम्भीर अध्येता तथा उत्कृष्ट शोधार्थी के रूप में विकसित होने में यह पत्र सहायक होगा।

| एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष |
|---|
| चतुर्थ सेमेस्टर |

| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : |
|---|---|
| **MHNC511** | **हिन्दी की लम्बी कविताएँ** |

| पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) : |
|---|
| छायावादोत्तर हिन्दी काव्य बहुत व्यापक एवं विस्तीर्ण है। अतः कतिपय प्रतिनिधि कवियों और उनकी कविताओं के द्वारा इसकी प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देना इस पत्र का उद्देश्य है। |

| क्रेडिट : **4** | पूर्णांक : **25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** |
|---|---|---|

| कुल व्याख्यान संख्या : 60 |
|---|

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **ज्यशंकर प्रसाद– आँसू**<br>**आलोचना के बिन्दु** : जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएं; प्रसाद–काव्य में रहस्यवादी तत्त्व; 'आँसू' का प्रतिपाद्य; 'आँसू' का काव्य–सौष्ठव; प्रसाद–काव्य और वेदना; प्रसाद–काव्य में प्रकृति। | 15 |
| 2. | **सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला– सरोज–स्मृति**<br>**आलोचना के बिन्दु** : छायावादी काव्य और निराला; निराला का काव्य–वैविघ्य; 'सरोज–स्मृति' की काव्यगत विशेषताएं; 'सरोज–स्मृति' की प्रबन्धात्मकता। | 15 |
| 3. | **अज्ञेय–असाध्य वीणा**<br>**आलोचना के बिन्दु** : अज्ञेय–काव्य में प्रयोगधर्मिता; अज्ञेय की काव्य–भाषा; अज्ञेय–काव्य में प्रकृति और प्रेम; असाध्य वीणा का प्रतिपाद्य और समीक्षा। | 15 |
| 4. | **मुक्तिबोध–अंधेरे में**<br>आलोचना के बिन्दु : मुक्तिबोध की कविता में समाज–बोध; मुक्तिबोध के काव्य में फैन्टेसी; मुक्तिबोध की काव्यगत विशेषताएं; 'अंधेरे में' कविता का प्रतिपाद्य और समीक्षा। | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. इस पत्र के द्वारा विद्यार्थी छायावाद के आगे की कविता की महत्त्वपूर्ण प्रवृत्तियों को जान–समझ सकेंगे।
2. छायावादोत्तर प्रमुख कवियों के अवदान एवं उनकी काव्यगत विशेषताओं को जान सकेंगे।
3. आधुनिक काव्य–संवेदना से जुड़ सकेंगे।
4. काव्याभिव्यक्ति की नवन्नव और प्रभावी शिल्प–प्रविधियों को जान–समझकर अपने भीतर काव्य–समीक्षा तथा सृजन के आधुनिक कौशलों का विकास कर सकेंगे।

**सहायक ग्रंथ :**


1. राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा : संवेदना और शिल्प; डॉ. राहुल अवस्थी; प्रथम संस्करण–2012; राज पब्लिशिंग हाउस; जयपुर।

**एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष**

**चतुर्थ सेमेस्टर**

| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) : | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) : |
|---|---|
| **MHNC512** | **छायावादोत्तर काव्य** |

पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :

छायावादोत्तर हिन्दी काव्य बहुत व्यापक एवं विस्तीर्ण है। अतः कतिपय प्रतिनिधि कवियों और उनकी कविताओं के द्वारा इसकी प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देना इस पत्र का उद्देश्य है।

| क्रेडिट : **4** | पूर्णांक : **25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** |
|---|---|---|

कुल व्याख्यान संख्या : 60

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **रामधारी सिंह दिनकर–उर्वशी (तृतीय सर्ग)**<br>**आलोचना के बिन्दु** : दिनकर की कविता की पृष्ठभूमि; दिनकर के काव्य में राष्ट्र–भाव; दिनकर की काव्यगत विशेषताएं; 'उर्वशी' का प्रतिपाद्य एवं उद्देश्य | 15 |
| 2. | **अज्ञेय**–कलगी बाजरे की; यह दीप अकेला; हरी घास पर क्षण भर; कितनी नावों में कितनी बार<br>**आलोचना के बिन्दु** : प्रयोगवाद और अज्ञेय; अज्ञेय का काव्य–सौष्ठव; अज्ञेय–काव्य में प्रकृति और प्रेम। | 15 |
| 3. | **नागार्जुन**–कालिदास; बादल को घिरते देखा है; अकाल और उसके बाद; शासन की बन्दूक।<br>**आलोचना के बिन्दु** : नागार्जुन के काव्य में यथार्थ–चेतना और काव्य–दृष्टि; नागार्जुन का काव्य–सौष्ठव; | 15 |
| 4. | **धर्मवीर भारती**–टूटा पहिया; कविता की मौत; फागुन की शाम<br>**रघुवीर सहाय**–स्वाधीन व्यक्ति; आत्महत्या के विरुद्ध<br>आलोचना के बिन्दु : रघुवीर सहाय की कविता में राजनीतिक चेतना; रघुवीर सहाय की काव्य–भाषा; धर्मवीर भारती और नयी कविता; धर्मवीर भारती की काव्य–संवेदना; घर्मवार भारती का काव्य–शिल्प। | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

5. इस पत्र के द्वारा विद्यार्थी छायावाद के आगे की कविता की महत्त्वपूर्ण प्रवृत्तियों को जान–समझ सकेंगे।
6. छायावादोत्तर प्रमुख कवियों के अवदान एवं उनकी काव्यगत विशेषताओं को जान सकेंगे।
7. आधुनिक काव्य–संवेदना से जुड़ सकेंगे।
8. काव्याभिव्यक्ति की नवन्नव और प्रभावी शिल्प–प्रविधियों को जान–समझकर अपने भीतर काव्य–समीक्षा तथा सृजन के आधुनिक कौशलों का विकास कर सकेंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

**सहायक ग्रंथ :**


2. राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा : संवेदना और शिल्प; डॉ. राहुल अवस्थी; प्रथम संस्करण–2012; राज पब्लिशिंग हाउस; जयपुर।

<table>
<tr><td colspan="3" align="center">एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष</td></tr>
<tr><td colspan="3" align="center">तृतीय सेमेस्टर</td></tr>
<tr><td align="center">पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>MHNE513 (क)</td><td colspan="2" align="center">पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>हिन्दी साहित्य और सिनेमा</td></tr>
<tr><td colspan="3">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :<br>आधुनिक युग में सिनेमा मनोरंजन का एक प्रमुख माध्यम है। हिन्दी सिनेमा की लोकप्रियता आज देश ही नहीं, विदेशों तक प्रसृत है। न सिर्फ यह लोगों का मनोरंजन करता है, अपितु जनमानस को काफी प्रभावित भी करता है। हिन्दी सिनेमा और साहित्य का आपस में गहरा सम्बन्ध है। हिन्दी के विद्यार्थियों को इन्हीं सम्बन्धों का बोध कराने के उद्देश्य से इस पत्र की रचना की गयी है।</td></tr>
<tr><td>क्रेडिट : 4</td><td>पूर्णांक :<br>25+75=100</td><td>उत्तीर्णांक : 36 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td colspan="3" align="center">कुल व्याख्यान संख्या : 60</td></tr>
</table>

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **हिन्दी सिनेमा और साहित्य का अन्तर्सम्बन्ध :** हिन्दी सिनेमा का उद्भव और विकास; हिन्दी सिनेमा के विविध आयाम; सिनेमा और साहित्य में अन्तर तथा पारस्परिक सम्बन्ध; हिन्दी सिनेमा के विकास में हिन्दी के साहित्यकारों का योगदान; हिन्दी सिनेमा और साहित्य के अन्तः–सम्बन्धों की परम्परा; हिन्दी की लोकप्रियता में हिन्दी सिनेमा का योगदान। | 15 |
| 2. | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो साहित्यिक कृतियों पर बनी फिल्मों एवं दूरदर्शन धारावाहिकों का समीक्षात्मक अध्ययन :** तीसरी कसम; गोदान; चित्रलेखा; देवदास; पिंजर; शतरंज के खिलाड़ी; रजनीगन्धा; सारा आकाश, तमस; निर्मला । | 15 |
| 4. | **हिन्दी फिल्मों के गीत :** फिल्मी गीतों एवं साहित्यिक गीतों में अन्तर; हिन्दी के साहित्यिक गीतों का हिन्दी फिल्मों पर प्रभाव; फिल्मी गीत और हिन्दी–उर्दू भाषा; हिन्दी लोकगीतों का फिल्मी गीतों पर तथा फिल्मी गीतों का हिन्दी लोकगीतों पर प्रभाव; हिन्दी फिल्मी गीतों की लोकप्रियता; फिल्मी गीतों के रचयिता प्रमुख कवि। | 15 |
| 5. | **कथा एवं पटकथा :** पटकथा : अर्थ एवं आयाम; कथा एवं पटकथा का स्वरूप तथा लेखन–कला; कथा के पटकथा में रूपान्तरण की कला; पटकथा एवं संवाद–लेखन; साहित्य एवं सिनेमा की भाषा में अन्तर; प्रमुख पटकथा लेखक हिन्दी साहित्यकार। | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम** : इस पत्र के माध्यम से विद्यार्थी आधुनिक युग में मनोरंजन एवं जनसंचार के एक बहुत ही प्रभावी माध्यम हिन्दी सिनेमा का साभिप्राय अध्ययन करे सकेंगे।

1. हिन्दी साहित्य और सिनेमा के बहुआयामी अन्तर्सम्बन्धों को जान–समझ सकेंगे।
2. विद्यार्थियों में सृजनात्मक लेखन तथा सिनेमा में कैरियर–निर्माण की सम्भावनाएं जगत होंगीं।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप** : इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखने को बाध्य हो।

<table>
<tr><td colspan="3">एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष</td></tr>
<tr><td colspan="3">चतुर्थ सेमेस्टर</td></tr>
<tr><td>पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>MHNE513 (ख)</td><td colspan="2">पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>पटकथा एवं विज्ञापन–लेखन</td></tr>
<tr><td colspan="3">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :<br>हिन्दी सिनेमा और विज्ञापन की दुनिया आज रोजगार का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। इस पत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिन्दी में सिनेमा एवं विज्ञापन के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से परिचित कराना और तदनुरूप उन्हें तैयार करना है। फिल्मों एवं टेलीविजन धारावाहिकों की पटकथाओं के लेखन से लेकर विज्ञापन–निर्माण तक के क्षेत्र, प्रविधि एवं सम्भावनाओं से उन्हें इसमें अवगत कराया जायेगा।</td></tr>
<tr><td>क्रेडिट : 5</td><td>पूर्णांक :<br>25+75=100</td><td>उत्तीर्णांक : 36 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td colspan="3">कुल व्याख्यान संख्या : 75</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th>इकाई</th><th>पाठ्यवस्तु</th><th>व्याख्यान संख्या</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>पटकथा का अर्थ एवं क्षेत्र; कथा एवं पटकथा; पटकथाकार के गुण; पटकथा का विचार (आइडिया); पटकथा के तत्त्व; पटकथा का स्वरूप और विस्तार; पटकथा–सम्बन्धी तकनीकी शब्दावली।</td><td>15</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>पटकथा का प्रारूप : दृश्य–योजना; ढांचा; सार; दृश्य–लेखन; शूटिंग–स्क्रिप्ट। पटकथा–लेखन की प्रक्रिया : कथावस्तु; पात्र एवं उनमें अन्तर्सम्बन्ध।</td><td>15</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>पटकथा–संवाद लेखन; संवादों की भाषा; कथा से पटकथा में रूपान्तरण की प्रक्रिया; वृत्तचित्र निर्माण; कैमरे का प्रयोग; डबिंग।</td><td>15</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>विज्ञापन : अभिप्राय एवं स्वरूप; विज्ञापन का इतिहास; विज्ञापन का महत्त्व; विज्ञापन के प्रकार; विज्ञापन के माध्यम; विज्ञापन एजेंसियां; विज्ञापन की आचार संहिता और कानून।</td><td>15</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>विज्ञापन लेखन– मुद्रित विज्ञापन लेखन; रेडियो विज्ञापन एवं विज्ञापन लेखन की विशेषताएं; रेडियो विज्ञापन लेखन का स्वरूप एवं आवश्यक तत्त्व; टेलीविज्ञापन की आवश्यकताएं और स्वरूप; टेलीविज्ञापन की प्रविधि एवं प्रकार; विज्ञापनों की भाषा।</td><td>15</td></tr>
</table>

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. विद्यार्थी पटकथा–लेखन के क्षेत्र में रोजगार की सम्भावनाओं को जानकर उस दिशा में अपने को तैयार कर सकेंगे।
2. विज्ञापन–लेखन के क्षेत्र एवं प्रविधि से परिचित हो सकेंगे।
3. पटकथा एवं विज्ञापन–लेखन की बारीकियों को समझकर सम्बन्धित क्षेत्र में अपने भीतर अपेक्षित कौशल का विकास कर सकेंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. कुल मिलाकर पांच प्रश्न पूछे जायेंगे, सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिये समान रूप से 15 अंक निर्धारित रहेंगे।
2. प्रथम प्रश्न में प्रत्येक इकाई से एक–एक टिप्पणी पूछी जायेगी। इस तरह विद्यार्थी को कुल पांच टिप्पणियां लिखनी होंगीं।

3. शेष चार प्रश्नों में से तीन प्रश्न किन्हीं तीन अलग–अलग इकाइयों से पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न का विकल्प 'अथवा' करके पूछा जायेगा जो उसी इकाई से रहेगा।
4. अन्तिम पांचवा प्रश्न शेष दो इकाइयों से पूछा जायेगा। मूल प्रश्न एक इकाई से तथा उसी का विकल्प प्रश्न शेष अन्य इकाई से रहेगा।
5. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखने को बाध्य हो।

| एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष | |
|---|---|
| **चतुर्थ सेमेस्टर** | |
| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>**MHNE514** (क) | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE CODE) :<br>**हिन्दी लोक–साहित्य** |

पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :

लोक साहित्य लोकरंजन का एक बहुत महत्वपूर्ण साधन रहा है। लोकरंजन के साथ लोकमंगल भी इसका प्रमुख साध्य तत्व है। नयी पीढ़ी शनैः–शनैः इससे विमुख एवं अनजान सी होती जा रही है। हिन्दी के विद्याथी के लोक साहित्य के प्रति इसी अपरिचय को दूर करने तथा उसकी उपयोगिता एवं वर्तमान में भी प्रासंगिकता का बोध कराने के उद्देश्य से इस पत्र की रचना की गयी है। इसके द्वारा विद्यार्थी लोक साहित्य के मात्र सैद्धान्तिक पक्ष से ही नहीं, अपितु उसके व्यवहारिक पक्ष से भी अवगत होकर उसे भली–भांति आत्मसात कर सकेंगे।

| क्रेडिट : 4 | पूर्णांक :<br>**25+75=100** | उत्तीर्णांक : **36 प्रतिशत** |
|---|---|---|

कुल व्याख्यान संख्या : 60

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **लोक साहित्य का वैशिष्ट्य :**<br>साहित्य एवं लोक साहित्य; लोक साहित्य एवं संस्कृति; लोक साहित्य की प्रासंगिकता; लोक साहित्य में प्रगतिशील तत्व; हिन्दी लोक साहित्य के विविध आयाम; लोक साहित्य का राष्ट्रीय एवं वैश्विक सन्दर्भ; लोक साहित्य तथा पर्यावरण। | 15 |
| 2. | **लोकगीत :**<br>मोर चरखा के टूटल न तार; जेहि दिन धिया के जनम भइलै धरती दुखित भइलिन (भोजपुरी); छोटहि पेड़वा ढेकुलिया कै पतवा झपसि गइलै (भोजपुरी); बाबुल तेरा सींकों का घरवा रे (खड़ी बोली); मैं तौ पहले जनौंगी धीय री (ब्रज) पुरुब पछौहां मोरे बाबा के बखरिया (अवधी); गौं गौं पंचायत करा (गढ़वाली)।<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु** : लोकगीतों में राष्ट्रीय चेतना; लोकगीतों में स्त्री–संवेदना; लोकगीतों में युगबोध; लोकगीतों में प्रकृति; लोकगीतों में लोकमंगलकारी भाव। | 15 |
| 3. | **लोककथा :**<br>राजा भोज और गंगू तेली (हिमाचली);<br>पोपांबाई का राज (राजस्थानी); चतुर सेठानी (हरियाणवी); ठग–जग (छत्तीसगढ़ी)<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु** : लोककथाओं में समाज–संस्कृति; लोककथाओं में प्रगतिशीलता; लोककथाओं में जीवन–मूल्य एवं दर्शन; लोककथाओं में बुद्धि–चातुर्य एवं साहसिकता; लोककथाएं एवं शास्त्रीय कथाएं। | 15 |
| 4. | **लोकगाथा** :<br>**'आल्हखण्ड'** (आल्हा मनौआ)–पं. रामलग्न पाण्डेय 'विशारद'<br>प्रकाशक–श्री ठाकुर प्रसाद पुस्तक भण्डार; कचौड़ी गली, वाराणसी–221001<br>**आलोचना के प्रमुख बिन्दु** : 'आल्ह खण्ड' : स्वरूप एवं प्रकृति; वीर रसात्मक काव्य परम्परा और 'आल्हखण्ड'; 'आल्हखण्ड' में सामन्ती संस्कृति; 'आल्हखण्ड' में वर्णन–वैविध्य; लोकगाथाओं की प्रभावशीलता और 'आल्हखण्ड'। | 15 |

पाठ्यक्रम परिणाम :

इस पत्र के अध्ययन द्वारा विद्यार्थी हिन्दी लोक साहित्य की बहुत बड़ी थाती के महत्त्व को समझकर उस पर काम करने को प्रेरित होंगे।

1. सैद्धान्तिक के साथ लोक साहित्य के व्यवहारिक पक्ष को भी जान–समझ सकेंगे।
2. विद्यार्थियों में लोक साहित्य के पिछड़े लोगों का साहित्य होने की धारणा दूर होगी और वे अभिनव आयामों से लोक साहित्य एवं संस्कृति की महत्ता एवं प्राासंगिकता को समझकर उसके प्रति आकर्षित होंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

**सहायक ग्रंथ :**


1. लोक साहित्य विज्ञान; सं. सत्येन्द्र; वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
2. लोक साहित्य की भूमिका; डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी।
3. लोक साहित्य विमर्श; डॉ. श्याम परमार, राजकमल प्रकाशन, वाराणसी
4. लोक साहित्य और संस्कृति; डॉ. दिनेश्वर प्रसाद, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
5. हिन्दी साहित्य का वृहद इतिहास 16 वां भाग; नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
6. भाषा, संस्कृति और साहित्य; डॉ. हरीशकुमार शर्मा, अनंग प्रकाशन, दिल्ली।
7. फणीश्वरनाथ रेणु के उपन्यासों में लोक–संस्कृति; डॉ. हरीशकुमार शर्मा, जास्मिन पब्लिकेशन, दिल्ली।
8. अवधी लोकगीत विरासत; डॉ. विद्याविन्दु सिंह; ज्ञान विज्ञान एजूकेयर, दरियागंज, दिल्ली; संस्करण–2028।
9. लोकगीत संकलन; रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली; 1989।
10. गढ़वाली भाषा और साहित्य; डॉ. हरिदत्त भट्ट 'शैलेश'; तिहन्दी समिति, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ; 1976।
11. हरियाणा की लोककथाएं; सम्पा.– निशा; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2022।
12. छत्तीसगढ़ की लोककथाएं; सम्पा.– परदेशीराम वर्मा; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2022।
13. हिमाचल प्रदेश की लोककथाएं; आशु फुल्ल; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2022।
14. राजस्थान की लोककथाएं; महेन्द्र भानावत; प्रभात प्रकाशन, दिल्ली; संस्करण–2022।

| एम. ए. हिन्दी | |
|---|---|
| चतुर्थ सेमेस्टर | |
| पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>**MHNE514** (ख) | पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>**भोजपुरी साहित्य** |

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में भारतीय भाषाओं के साथ ही मातृभाषाओं तथा लोक–भाषाओं को भी महत्त्व दिया गया है। विश्वविद्यालय का एक बड़ा परिक्षेत्र भोजपुरी–भाषी है। अतः विद्यार्थी अपने क्षेत्र की लोकभाषा में रचित साहित्य से भी परिचित हो सकें, इस दृष्टि से भोजपुरी साहित्य का यह पत्र विद्यार्थियों के लिये तैयार किया गया है। इस पत्र में अध्ययन हेतु भोजपुरी की कतिपय प्रतिनिधि गद्य–पद्य रचनाओं को चयनित किया गया है।

| क्रेडिट : **4** | पूर्णांक :<br>**25+75=100** | उत्तीर्णांक : **33 प्रतिशत** |
|---|---|---|
| कुल व्याख्यान संख्या : 60 | | |

| इकाई | पाठ्यवस्तु | व्याख्यान संख्या |
|---|---|---|
| 1. | भोजपुरी क्षेत्र और उसकी आंचलिक संस्कृति; भोजपुरी साहित्य का स्वरूप और विशेषताएं; भोजपुरी साहित्य और लोक साहित्य; समकालीन भोजपुरी लेखन; भोजपुरी साहित्य में समाज–संस्कृति; भाजपुरी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना; भोजपुरी क्षेत्र के साहित्यकार और हिन्दी साहित्य। | 15 |
| 2. | **काव्य :**<br>गोरखनाथ–**सबदी**<br>कबीर–**पद संख्या 1 से 9**<br>बाबू रघुवीर नारायण–**बटोहिया**<br>हीरा डोम–**अछूत के शिकायत** | 15 |
| 3. | **काव्य :**<br>मनोरंजन प्रसाद सिन्हा–**तब के जवान अब भइले पुरनिआ; फिरंगिया**<br>धरीक्षण मिश्र–**कौना दुखे डोली में रोवति जाति कनियां**<br>श्री रामजियावनदास बावला–**कौशल्या माई के सोच; किछु कहलो न जाला**<br>गोरख पाण्डेय–**सपना; जागरण; समाजवाद** | 15 |
| 4. | गद्य :<br>विद्यानिवास मिश्र–**इमली के बीया**<br>शिवप्रसाद सिंह–**कोजागरी**<br>विश्वनाथ प्रसाद तिवारी–**पकड़ी के पेड़**<br>हजारी प्रसाद द्विवेदी–**व्याख्यान** | 15 |
| 5. | **नाटक एवं कहानी :**<br>भिखारी ठाकुर–**गबरघिचोर**<br>दण्डिस्वामी विमलानन्द सरस्वती– **किसान–भगवान**<br>रामेश्वर सिंह काश्यप–**मछरी**<br>विवेकी राय–**भंडेहरि**<br>रामदेव शुक्ल–**तिसरकी आंख के अन्हार** | 15 |

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. विद्यार्थी इस पत्र के अध्ययन से भोजपुरी में रचित रचनाओं से अवगत हो सकेंगे।

2. साहित्य के माध्यम से भोजपुरी संस्कृति के वैशिष्ट्य से भी उनका परिचय हो सकेगा।
3. भोजपुरी और हिन्दी के अन्तर्सम्बन्धों को समझ सकेंगे।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप :**

1. इस तरह प्रश्नपत्र का निर्माण इस तरह से किया जायेगा कि परीक्षार्थी सभी इकाइयों से प्रश्नों का उत्तर लिखें।

<table>
<tr><td colspan="4" align="center">एम. ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष</td></tr>
<tr><td colspan="4" align="center">चतुर्थ सेमेस्टर</td></tr>
<tr><td colspan="2" align="center">पाठ्यक्रम संख्या (COURSE CODE) :<br>MHNP515</td><td colspan="2" align="center">पाठ्यक्रम शीर्षक (COURSE TITLE) :<br>हिन्दी शोध परियोजना</td></tr>
<tr><td colspan="4" align="center">पाठ्यक्रम का उद्देश्य (Course objetives) :</td></tr>
<tr><td colspan="2">क्रेडिट : 4</td><td>पूर्णांक : 100</td><td>उत्तीर्णांक : 36 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td colspan="4" align="center">कुल व्याख्यान संख्या : 60</td></tr>
<tr><td>इकाई</td><td colspan="2" align="center">पाठ्यवस्तु</td><td>व्याख्यान संख्या</td></tr>
<tr><td>1.</td><td colspan="2">इस पत्र के अन्तर्गत विद्यार्थी किसी शिक्षक के निर्देशन में हिन्दी भाषा एवं साहित्य से जुड़े किसी विषय का चयन कर एक शोध परियोजना पर कार्य करेगा और उस कार्य के आधार पर एक शोध–प्रबन्ध तैयार करेगा। शोध प्रबन्ध का मूल्यांकन आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक द्वारा किया जायेगा और विद्यार्थी की मौखिक परीक्षा भी ली जायेगी।<br>इस पत्र हेतु कुल पूर्णांक 100 होंगे, जिनमें से शोध–प्रबन्ध का मूल्यांकन 50 अंकों में किया जायेगा और 50 अंकों के लिये मौखिक परीक्षा होगी।</td><td>15</td></tr>
</table>

**पाठ्यक्रम परिणाम :**

1. विद्यार्थियों को शोध का व्यवहारिक अभ्यास होगा।
2. पीएच.डी. करने से पूर्व विद्यार्थी शोध की सही प्रविधि जान सकेगे और शोध कार्य की वारीकियों को समझकर उसमें दक्षता प्राप्त कर सकेंगे।
3. विद्यार्थी के एक गम्भीर अध्येता तथा उत्कृष्ट शोधार्थी के रूप में विकसित होने में यह पत्र सहायक होगा।